# ये चूड़ियां ले लो ब्रजबाला मेरी चूड़ी का रंग न्यारा लिरिक्स

ये चूड़ियां ले लो ब्रजबाला,
मेरी चूड़ी का रंग न्यारा।bd।

---

ये चूड़ी मेरी लाल,
ये है बड़ी कमाल,
अरे तुम क्या जानो सखियों,
मैं नन्द जी का लाल,
ये चूड़ियाँ ले लो ब्रजबाला,
मेरी चूड़ी का रंग न्यारा।bd।

---

ये चूड़ी मेरी गोरी,
ये है बड़ी चकोरी,
तुम क्या जानो सखियों,
मैं आया चोरी चोरी,
ये चूड़ियाँ ले लो ब्रजबाला,
मेरी चूड़ी का रंग न्यारा।bd।

---

ये चूड़ी मेरी काली,
ये है बड़ी मतवाली,
अरे तुम क्या जानो सखियों,
मेरी राधा आने वाली,
ये चूड़ियाँ ले लो ब्रजबाला,
मेरी चूड़ी का रंग न्यारा।bd।

---

चूड़ी के रंग निराले,
कृष्णा कहे गोरे काले,
अरे तू क्या जाने 'निशा',
इसे पहने किस्मत वाले,
ये चूड़ियाँ ले लो ब्रजबाला,
मेरी चूड़ी का रंग न्यारा।bd।

---

ये चूड़ियां ले लो ब्रजबाला,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com